भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
भारी पानी बोर्ड
वी.एस. भवन, 4थी मंजिल, अणुशक्तिनगर, मुंबई - 400 094.

विज्ञापन संख्या भापाबो/01/2012
(आवेदन पत्र जमा करने की बदली हुई अंतिम तारीख 19/10/2012 है।)

निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :

पद संख्या 1 : वैज्ञानिक अधिकारी/सी (चिकित्सा-सामान्य औषधि)
पदों की संख्या : 01 (अनारक्षित) भारी पानी संयंत्र (मणुगुरू) आन्ध्रप्रदेश हेतु ।

शैक्षणिक योग्यता : एम.बी.बी.एस + डी.आर.एम. सहित संबंधित स्नातकोत्तर डिप्लोमा या समकक्ष।

अथवा

एक वर्ष के अनुभव के साथ एम.बी.बी.एस.

आयु सीमा (दिनांक 01.07.2012 को): न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 30 वर्ष।

नोट:

1) अनिवार्य इन्टर्नशिप को अनुभव के रूप में नहीं माना जाएगा ।
2) चिकित्सा अधिकारी के रूप में पंजीकरण करने के बाद किसी संस्था में कार्य करने का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी। (एम.बी.बी.एस + स्नातकोत्तर डिप्लोमा धारण करने वाले अभ्यर्थियों पर लागू नहीं)
3) एम.बी.बी.एस के मामले में एक वर्ष का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को भर्ती के समय एक अतिरिक्त वेतनवृद्धि देने पर विचार किया जाएगा ।

चयन का तरीका : साक्षत्कार के प्रदर्शन के आधार पर चयन किया जाएगा।

पद संख्या 02 : तकनीकी अधिकारी/सी
पदों की संख्या : 01 (अनारक्षित) भारी पानी बोर्ड (केन्द्रीय कार्यालय), मुंबई
01 (अपिव) भारी पानी संयंत्र (कोटा), राजस्थान
01 (अजा) भारी पानी संयंत्र (तूतीकोरिन), तमिलनाडु

शैक्षणिक योग्यता : किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों सहित बीई/बी.टैक (कम्प्यूटर विज्ञान/अभियंत्रिकी) और निम्नलिखित क्षेत्रों का ज्ञान रखने वालों को वरीयता दी जाएगी :

1. ओपन सोर्स आरडीबीएमएस जैसे पोस्ट जीआरई एसक्यूएल, एमवायएसक्यूएल आदि/ओरेकल।
2. प्रोगरामिंग लैंग्वेज जैसे जावा, सी++, विजुअल बेसिक तथा पैकैज जैसे पीएचपी/एएसपी/डेव्लेपर।
3. लैन, वैन, स्टोरेज प्रणालियाँ, सिक्युरिटी डिवाइसेस/एप्लाएंसेज।

नोट: कृपया नोट करें कि ऐसे मामले जहाँ पर विश्वविद्यालय द्वारा लैटर ग्रेड प्रदान किया जाता है, वहाँ पर उस विश्वविद्यालय द्वारा अपनाए गए नियमों के अनुसार समकक्ष अंकों का प्रतिशत दर्शाया जाए। ऐसा नहीं करने पर आवेदक की उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

आयु सीमा (दिनांक 01.07.2012 को): तकनीकी अधिकारी/सी के लिए न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 25 वर्ष।

चयन का तरीका : साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर चयन किया जाएगा।

पद संख्या 03 : महिला नर्स/ए

पदों की संख्या : 01 (अनारक्षित) भारी पानी संयंत्र (तालचेर), ओडीशा

शैक्षणिक योग्यता : XII कक्षा तथा नर्सिंग एवं मिडवायफरी में डिप्लोमा (3 वर्ष का पाठ्यक्रम) + **ए** ग्रेड नर्स के रूप में पंजीकरण अथवा बी.एससी. (नर्सिंग)

आयु सीमा (दिनांक 01.07.2012 को): न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 25 वर्ष।

चयन का तरीका : साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर चयन किया जाएगा।

पद संख्या 04 : वैज्ञानिक सहायक/बी (सिविल)

पद की संख्या : 01 (अनारक्षित) भारी पानी संयत्र (मणुगुरू), आंध्रप्रदेश
05 (अनारक्षित-3, अपिव-1 तथा अजा-1) भारी पानी संयंत्र (कोटा), राजस्थान
02 (अनारक्षित-1, अपिव-1) भारी पानी संयंत्र, (तूतीकोरिन), तमिलनाडु

शैक्षणिक योग्यता : न्यूनतम 60% अंकों सहित सिविल इंजिनियरिंग (एसएससी के बाद 3 वर्ष) में डिप्लोमा।

आयु सीमा (दिनांक 01.07.2012 को) : न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 30 वर्ष

चयन का तरीका : साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर चयन किया जाएगा।

पद संख्या 05 : स्टेशन ऑफिसर/ए
पदों की संख्या : 01 (अजा) भारी पानी संयंत्र (कोटा), राजस्थान
01 (अनारक्षित) भारी पानी संयंत्र (तूतीकोरिन), तमिलनाडु

शैक्षणिक योग्यता : i) एसएससी या समकक्ष उत्तीर्ण + नेशलन फायर सर्विस कॉलेज या सीआईएसएफ फायर ट्रेनिंग सेंटर के स्टेशन ऑफिसर पाठ्यक्रम का प्रमाणपत्र।

अथवा

फायर इंजीनियरिंग संस्थान, भारत/लंदन से स्नातक ।

अनुभव : सुस्थापित पूर्णकालिक फायर सर्विस संगठन में कम से कम सब-ऑफिसर के पद पर न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव अनिवार्य है।
नोट : उपरोक्त अनुभव न रखने पर, बी.ई (फायर) की डिग्री रहित उम्मीदवार के पास स्टेशन ऑफिसर/ए के लिए आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के बाद संबंधित कार्य में 3 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

अथवा

i i) बी.ई. (फायर इंजीनियरिंग)

अभ्यर्थी के पास भारी वाहन चलाने का वैध लाइसेंस होना चाहिए तथा फायर इंजनों, फायर पंपों तथा अन्य अग्निशमन उपकरणों के प्रचालन तथा अनुरक्षण से पूरी तरह से परिचित होना चाहिए।

आयु सीमा (दिनांक 01.07.2012 को) : अधिकतम 40 वर्ष
दीर्घकालीन अनुभव तथा उत्कृष्ट योग्यता वाले अभ्यर्थियों के मामले में अधिकतम आयु की सीमा में छूट की अनुमति प्रदान की जाएगी।

पद संख्या 06 : सब-ऑफिसर/बी1

पदों की संख्या : 02 (अनारक्षित-1 तथा अन्य पिछड़ा वर्ग-1) भारी पानी संयंत्र (मणुगुरू), आंध्रप्रदेश
02 (अनारक्षित-1 तथा अजा-1) भारी पानी संयंत्र (तालचेर), ओडीशा
03 (अनारक्षित-1, अन्य पिछड़ा वर्ग-1 तथा अजा-1) भारी पानी संयंत्र (कोटा), राजस्थान
02 (अनारक्षित-1 तथा अन्य पिछड़ा वर्ग-1) भारी पानी संयंत्र (तूतीकोरिन), तमिलनाडु

शैक्षणिक योग्यता : एसएससी या समकक्ष उत्तीर्ण + नेशलन फायर सर्विस कॉलेज या सीआईएसएफ फायर ट्रेनिंग सेंटर के सब ऑफिसर पाठ्यक्रम का प्रमाणपत्र।

जिन अभ्यर्थियों के पास भारी वाहन चलाने का वैध लाइसेंस होगा, उन्हें वरीयता दी जाएगी।

अनुभव : लीडिंग फायरमैन के रूप में 5 वर्ष का अनुभव ।

अथवा

मान्यता प्राप्त सिविल/इंडस्ट्रियल फायर सर्विस स्टेशन में फायरमैन/ड्रायवर कम आपरेटर के रूप में 8 वर्ष का अनुभव अनिवार्य है ।

उपरोक्त अनुभव न रखने पर अभ्यर्थी के पास सब-ऑफिसर/बी1 के लिए आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के बाद संबंधित कार्य में 3 वर्ष का अनुभव होना चाहिए ।

आयु सीमा (दिनांक 01.07.2012 को) : अधिकतम 40 वर्ष
अधिक अनुभव तथा उत्कृष्ट योग्यता वाले अभ्यर्थियों के मामले में अधिकतम आयु की सीमा में छूट की अनुमति प्रदान की जाएगी।

पद संख्या 07 : लीडिंग फायरमैन/ए

पदों की संख्या : 01 (अनारक्षित) भारी पानी संयंत्र (मणुगुरू), आंध्रप्रदेश
01 (अजा) भारी पानी संयंत्र (कोटा), राजस्थान
02 (अन्य पिछड़ा वर्ग) भारी पानी संयंत्र (तूतीकोरिन), तमिलनाडु

शैक्षणिक योग्यता : i) एसएससी या समकक्ष
किसी सुस्थापित फायर सर्विस संगठन में फायरमैन का अनुभव। राज्य अग्नि प्रशिक्षण केन्द्र से प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम। भारी वाहन चलाने का वैध लाइसेंस प्राप्त व्यक्तियों को वरीयता दी जाएगी।

अनुभव : सुस्थापित पूर्णकालिक फायर सर्विस संगठन में फायरमैन/ड्रायवर कम आपरेटर के रूप में 8 वर्ष का अनुभव अनिवार्य है ।

अथवा

i i) नेश्नल फायर सर्विस कालेज से सब ऑफिसर का पाठ्यक्रम उत्तीर्ण। भारी वाहन चलाने का वैध लाइसेंसधारी को वरीयता दी जाएगी।

अनुभव : सुस्थापित पूर्णकालिक फायर सर्विस संगठन में फायरमैन/ड्रायवर कम आपरेटर के रूप में 7 वर्ष का अनुभव अनिवार्य है ।

नोट : उपरोक्त अनुभव न रखने पर उम्मीदवार के पास लीडिंग फायरमैन/ए के लिए आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के बाद संबंधित कार्य में 3 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

आयु सीमा (दिनांक 01.07.2012 को) : न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 32 वर्ष ।
अधिक अनुभव तथा उत्कृष्ट योग्यता वाले अभ्यर्थियों के मामले में अधिकतम आयु की सीमा में छूट की अनुमति प्रदान की जाएगी।

पद संख्या 08 : फायरमैन/ए

पदों की संख्या : 05 (अनारक्षित-3, अजा-1,अन्य पिछड़ा वर्ग-1) - भारी पानी संयंत्र (तालचेर), ओडिशा
03 (अन्य पिछड़ा वर्ग) भारी पानी संयंत्र (कोटा), राजस्थान
08 (अनारक्षित-5, अन्य पिछड़ा वर्ग-3), भारी पानी संयंत्र (तूतीकोरिन), तमिलनाडु

शैक्षणिक योग्यता : एसएससी या समकक्ष
राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण केन्द्र से प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम तथा भारी वाहन चलाने का वैध लाइसेंस प्राप्त व्यक्तियों को वरीयता दी जाएगी।

आयु सीमा (दिनांक 01.07.2012 को) : न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 25 वर्ष।
अधिक अनुभव तथा उत्कृष्ट योग्यता वाले अभ्यर्थियों के मामले में अधिकतम आयु की सीमा में छूट की अनुमति प्रदान की जाएगी।

पद संख्या 09 : ड्रायवर कम आपरेटर/ए

पदों की संख्या : 01 (अजा) - भारी पानी संयंत्र (मणुगुरू), आंध्रप्रदेश
03 (अनारक्षित-1, अजा-1, अजजा-1) भारी पानी संयंत्र (तालचेर), ओडिशा
06 (अनारक्षित-5, अन्य पिछड़ा वर्ग-1), भारी पानी संयंत्र (तूतीकोरिन), तमिलनाडु

शैक्षणिक योग्यता : एसएससी या समकक्ष के साथ भारी वाहन चलाने का वैध लाइसेंस प्राप्त करने के बाद ड्रायवर कम ऑपरेटर के रूप में कार्य करने का 3 वर्ष का अनुभव।

अग्निशामक आदि जैसे अग्निशमन उपकरणों का ज्ञान रखने वाले व्यक्तियों को वरीयता दी जाएगी।

नोट: 1) अग्नि सेवा संगठन/रक्षा सेवा में अनुभव प्राप्त व्यक्तियों को वरीयता दी जाएगी।
2) अंग्रेजी का ज्ञान वांछनीय है।

आयु सीमा (दिनांक 01.07.2012 को) : न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 32 वर्ष।
अधिक अनुभव तथा उत्कृष्ट योग्यता वाले अभ्यर्थियों के मामले में अधिकतम आयु की सीमा में छूट की अनुमति प्रदान की जाएगी।

शरीरिक मानक : पद सं. 5 से 9 के लिए लागू

किसी भी प्रकार की विकृति नहीं होनी चाहिए।

कद	:	165 से.मी. (न्यूनतम)
वजन	:	50 किलो (न्यूनतम)
सीना	:	81 से.मी. (सामान्य) तथा 86 सें.मी. (फुलाने पर)
दृष्टि	:	6/6, चश्मे या किसी अन्य साधन को लगाए बगैर

रतौंधी या वर्णांधता को अयोग्यता माना जाएगा।

पद सं. 5 से 9 के लिए चयन का तरीका :

क्रम सं.	पद सं.	पद का नाम	चयन का तरीका
1.	5.	स्टेशन ऑफिसर/ए	नीचे बताए गए शारीरिक मूल्यांकन तथा कमांड परीक्षा के आधार पर चयन किया जाएगा : क) 30 सेकेंड में 100 मीटर दौड़ना। ख) 3 मिनट में 50 फुट लम्बे 4 होज को एप्लांएंस से जोड़कर बिछाना। ग) 35 फीट लम्बी एक्सटेंशन सीढी पर 2 मिनट में दो बार चढ़ना-उतरना । घ) लगभग अपने बराबर वजनी व्यक्ति को फायरमैन लिफ्ट विधि द्वारा 3 मिनट में 25 मीटर दूरी तक लाद कर चलना। ड) लगातार 20 पुशअप लगाना। च) 10 मिनट में 1 मील दौड़ना । छ) शारीरिक प्रशिक्षण, स्क्वाड ड्रिल, फायर फाइटिंग ड्रिल, फायर फाइटिंग/टेलर पंप प्रचालन, ड्राइविंग परीक्षण, फायर टेंडर चलाना तथा फोम टेंडर का उपयोग कर फोम तैयार करने **के काबिल होना चाहिए तथा कान के पर्दों की स्थिति सहित शारीरिक रूप से तंदरुस्ती एवं वैयक्तिक साक्षात्कार के अधीन।**
2.	6.	सब ऑफिसर/बी1	
3.	7.	लीडिंग फायरमैन/ए	स्टेशन ऑफिसर/ए या सब ऑफिसर/बी1 के समान (बिंदु छ) को छोड़कर)।
4.	8.	फायरमैन/ए	चयन का आधार शारीरिक सक्षमता परीक्षा होगा, जैसे 64 किलो वजन लादकर 1 मिनट में 100 मीटर दौड़ना, जमीन से कम से कम तीन मीटर की ऊँचाई तक रस्से तथा/या खड़े पाइप पर चढ़ना **तथा कान के पर्दों की स्थिति सहित शारीरिक रूप से तंदरुस्ती एवं वैयक्तिक साक्षात्कार के अधीन।**
5.	9.	ड्रायवर-कम-ऑपरेटर/ए	फायरमैन/ए के समान तथा अभ्यर्थी को वाहन चलाने की परीक्षा देनी होगी।

नोट : पद सं. 5 से 9 के लिए लागू
वे अभ्यर्थी, जिनके पास **भारी वाहन चलाने के लाइसेंस** न होकर किसी अन्य श्रेणी का वाहन चलाने का लाइसेंस होगा, उन्हें लाइसेंस जारी करने वाले प्राधिकारी/अधिसूचित उपयुक्त प्राधिकारी से भारी वाहन चलाने के लाइसेंस के समतुल्य प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

पद संख्या 10 : तकनीशियन/डी (बॉयलर ऑपरेटर)

पदों की संख्या : 04 (अनारक्षित-1, अपिव-1, अजा-1, अजजा-1) - भारी पानी संयंत्र (मणुगुरू), आंध्रप्रदेश
04 (अनारक्षित-3, अपिव-1) भारी पानी संयंत्र (तूतीकोरिन), तमिलनाडु

शैक्षणिक योग्यता :
i) एसएससी तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी II श्रेणी के बॉयलर अटेंडेंट के प्रमाणपत्र के साथ 8 वर्ष का अनुभव **अथवा**
ii) एसएससी तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी I श्रेणी के बॉयलर अटेंडेंट के प्रमाणपत्र के साथ 4 वर्ष का अनुभव।

आयु सीमा (दिनांक 01.07.2012 को) : न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 30 वर्ष।

चयन का तरीका : ट्रेड परीक्षा तथा वैयक्तिक साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर चयन किया जाएगा।

पद संख्या 11 : तकनीशियन/सी/डी (क्रेन ऑपरेटर)

पदों की संख्या : 03 (अनारक्षित-2, अपिव-1) - भारी पानी संयंत्र (मणुगुरू), आंध्रप्रदेश
01 (अपिव) भारी पानी संयंत्र (कोटा), राजस्थान

शैक्षणिक योग्यता : i) एसएससी में न्यूनतम 60 % अंक **<u>अथवा</u>** विज्ञान एवं गणित सहित एचएससी के साथ सक्षम प्राधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त क्रेन प्रचालन में एक वर्ष की अवधि का ट्रेड का प्रमाणपत्र

ii) कोल्स/ग्रोव्स/एस्कार्ट की टायर पर माउंटेड क्रेन, टाटा पीएवंएच क्रॉलर क्रेन, 35 मीटरिक टन ट्रैक्टर ट्रेलर तथा फॉर्क लिफ्ट (विद्युत तथा डीजल प्रचालित) के प्रचालन तथा अनुरक्षण का ज्ञान अनिवार्य है।

अनुभव : तकनीशियन/सी के लिए क्रेन प्रचालन का न्यूनतम 4 वर्ष तथा तकनीशियन/डी के लिए न्यूनतम 8 वर्ष का अनुभव।

अभ्यर्थी के पास भारी वाहन चलाने का लाइसेंस होना चाहिए।

आयु सीमा (दिनांक 01.07.2012 को) : न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष।

चयन का तरीका : ट्रेड परीक्षा तथा वैयक्तिक साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर चयन किया जाएगा।

पद संख्या 12 : तकनीशियन/सी/डी (मैकेनिक-कम-डोजर ऑपरेटर)

पदों की संख्या : 01 (अपिव) - भारी पानी संयंत्र (मणुगुरू), आंध्रप्रदेश

शैक्षणिक योग्यता : i) एसएससी में न्यूनतम 60 % अंक **<u>अथवा</u>** विज्ञान एवं गणित सहित एचएससी के साथ डीजल मैकेनिक में एक वर्ष की अवधि का ट्रेड का प्रमाणपत्र।

ii) 1000 KWA डीजल जनरेटर, बीईएमएल डोजर के प्रचालन तथा अनुरक्षण का ज्ञान अनिवार्य है।

अनुभव : तकनीशियन/सी के लिए मैकेनिक-कम-डोजर ऑपरेटर का न्यूनतम 4 वर्ष तथा तकनीशियन/डी के लिए न्यूनतम 8 वर्ष का अनुभव।

अभ्यर्थी के पास भारी वाहन चलाने का लाइसेंस होना चाहिए।

आयु सीमा (दिनांक 01.07.2012 को) : न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष।

चयन का तरीका : ट्रेड परीक्षा तथा वैयक्तिक साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर चयन किया जाएगा।

<u>नोट : पद सं. 11 तथा 12 के लिए लागू</u>

वे अभ्यर्थी, जिनके पास **भारी वाहन चलाने के लाइसेंस** न होकर किसी अन्य श्रेणी का वाहन चलाने का लाइसेंस होगा, उन्हें लाइसेंस जारी करने वाले प्राधिकारी/अधिसूचित उपयुक्त प्राधिकारी से भारी वाहन चलाने के लाइसेंस के समतुल्य प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

पद संख्या 13 : तकनीशियन/सी (राजगीर/मेसन)

पदों की संख्या : 02 (अपिव) - भारी पानी संयंत्र (कोटा), राजस्थान

शैक्षणिक योग्यता : एसएससी में न्यूनतम 60 % अंक **अथवा** विज्ञान एवं गणित सहित एचएससी के साथ किसी मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से कम से कम एक वर्ष की अवधि का राजगीर/मेसनरी ट्रेड का प्रमाणपत्र ।

अनुभव : राजगीर/मेसन के रूप में न्यूनतम 4 वर्ष का अनुभव ।

अथवा

शैक्षणिक योग्यता : एसएससी में न्यूनतम 60 % अंक **अथवा** विज्ञान एवं गणित सहित एचएससी।

अनुभव : राजगीर/मेसन के रूप में न्यूनतम 6 वर्ष का अनुभव ।

वांछनीय : किसी मध्यम आकार के उद्योग में राजगीर/मेसन के रूप में कार्य करने के अनुभवी को वरीयता दी जाएगी।

आयु सीमा (दिनांक 01.07.2012 को) : न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 30 वर्ष ।

चयन का तरीका : ट्रेड परीक्षा तथा वैयक्तिक साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर चयन किया जाएगा ।

पद संख्या 14 : तकनीशियन/सी (बढई)

पदों की संख्या : 01 (अजा) - भारी पानी संयंत्र (कोटा), राजस्थान

शैक्षणिक योग्यता : एसएससी में न्यूनतम 60 % अंक **अथवा** विज्ञान एवं गणित सहित एचएससी के साथ किसी मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से कम से कम एक वर्ष की अवधि का बढ़ई ट्रेड का प्रमाणपत्र ।

वांछनीय : किसी मध्यम आकार के उद्योग में बढ़ई के रूप में कार्य करने के अनुभवी को वरीयता दी जाएगी।

आयु सीमा (दिनांक 01.07.2012 को) : न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 25 वर्ष ।

चयन का तरीका : ट्रेड परीक्षा तथा वैयक्तिक साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर चयन किया जाएगा ।

पद संख्या 15 : तकनीशियन/सी (नलसाज/प्लंबर)

पदों की संख्या : 01 (अजा) - भारी पानी संयंत्र (कोटा), राजस्थान

शैक्षणिक योग्यता : एसएससी में न्यूनतम 60 % अंक **अथवा** विज्ञान एवं गणित सहित एचएससी के साथ किसी मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से कम से कम एक वर्ष की अवधि का नलसाज ट्रेड का प्रमाणपत्र ।

वांछनीय : किसी मध्यम आकार के उद्योग में नलसाज के रूप में कार्य करने के अनुभवी को वरीयता दी जाएगी।

आयु सीमा (दिनांक 01.07.2012 को) : न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 25 वर्ष ।

चयन का तरीका : ट्रेड परीक्षा तथा वैयक्तिक साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर चयन किया जाएगा ।

संख्या 16 : कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक

पदों की संख्या : 01 (अनारक्षित) - भारी पानी संयंत्र (तालचेर) ओडीशा

01 (अनारक्षित) - क्रय और भंडार निदेशालय, हैदराबाद

01 (अनारक्षित) - नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र, हैदराबाद

01 (अनारक्षित) - परिवती ऊर्जा सायक्लोट्रॉन केन्द्र, कोलकाता

01 (अनारक्षित) -भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र फैसिलिटी, कलपाक्कम

01 (अनारक्षित) - भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र, तारापुर

02 (अनारक्षित) तथा 01 (अजा) - परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय के पूर्वी क्षेत्र, जमशेदपुर तथा पश्चिमी क्षेत्र, जयपुर

शैक्षणिक योग्यता :

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी/अंग्रेजी में मास्टर डिग्री तथा डिग्री स्तर पर अंग्रेजी/हिन्दी मुख्य विषय के रूप में लिया हो ।

अथवा

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में मास्टर डिग्री तथा डिग्री स्तर पर हिन्दी और अंग्रेजी मुख्य विषय के रूप में लिया हो ।

अथवा

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम से मास्टर डिग्री तथा डिग्री स्तर पर अंग्रेजी/हिन्दी मुख्य विषय के रूप में लिया हो ।

अथवा

हिन्दी/अंग्रेजी में मास्टर डिग्री या किसी अन्य विषय में हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम से मास्टर डिग्री तथा डिग्री स्तर पर अंग्रेजी/हिन्दी मुख्य विषय के रूप में या परीक्षा का माध्यम रहा हो ।

अथवा

मुख्य विषय के रूप में हिन्दी और अंग्रेजी के साथ स्नातक डिग्री या उनमें से कोई एक परीक्षा का माध्यम तथा दूसरा मुख्य विषय रहा हो और साथ ही हिन्दी से अंग्रेजी तथा अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद कार्य में मान्यता प्राप्त डिप्लोमा/प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम पूरा किया हो या किसी केन्द्रीय/राज्य सरकार के कार्यालय या भारत सरकार के किसी उपक्रम में हिन्दी से अंग्रेजी तथा अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद कार्य करने का 2 वर्ष का अनुभव हो ।

आयु सीमा (दिनांक 01.07.2012 को) : 30 वर्ष से अधिक नहीं ।

चयन का तरीका : आरंभिक स्क्रीनिंग के उपरांत लिखित परीक्षा एवं वैयक्तिक साक्षत्कार में योग्य घोषित होने पर चयन किया जाएगा ।

पद संख्या 17 : आशुलिपिक ग्रेड-।।।

पदों की संख्या : 02 (अनारक्षित-1 तथा अपिव-1) भारी पानी संयंत्र (मणुगुरू), आंध्रप्रदेश

04 (अनारक्षित-2, अजा-1, अजजा-1) भारी पानी संयंत्र (कोटा), राजस्थान

02 (अनारक्षित-1, अपिव-1) भारी पानी संयंत्र (तालचेर), ओडीशा

05 (अनारक्षित-4, अपिव-1) भारी पानी बोर्ड (केन्द्रीय कार्यालय), मुंबई

(एक पद विकलांग (अस्थि विकलांग) व्यक्ति के लिए आरक्षित है)

शैक्षणिक योग्यता : i) 50 % अंक सहित मैट्रिक या समकक्ष।

ii) अंग्रेजी आशुलिपि में 80 शब्द प्रति मिनट तथा अंग्रेजी टंकण में 30 शब्द प्रति मिनट की गति।

वांछनीय : i) हिन्दी आशुलिपि/टंकण का ज्ञान ।

ii) कम्प्यूटर अनुप्रयोग, डाटा प्रविष्टि तथा डाटा संसाधन का ज्ञान ।

आयु सीमा (दिनांक 01.07.2012 को) : न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 30 वर्ष । (केन्द्र सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों के लिए 40 वर्ष तक शिथिलनीय)

चयन का तरीका : आरंभिक स्क्रीनिंग के उपरांत लिखित परीक्षा एवं अंग्रेजी में आशुलिपि/टंकण परीक्षा (कम्प्यूटर पर) तथा वैयक्तिक साक्षत्कार में योग्य घोषित होने पर चयन किया जाएगा ।

पद संख्या 18 : सहायक सुरक्षा अधिकारी/ए

पदों की संख्या : 01 (अनारक्षित) भारी पानी संयंत्र (तालचेर), ओडीशा
01 (अनारक्षित) भारी पानी संयंत्र (कोटा), राजस्थान
05 (अनारक्षित-2, अपिव-3) निर्माण सेवा एवं संपदा प्रबंध निदेशालय, मुंबई

शैक्षणिक योग्यता : किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक।
भूतपूर्व सैनिक, भूतपूर्व पुलिस तथा भूतपूर्व केन्द्रीय अर्ध-सैनिक कार्मिकों के लिए - किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक या समकक्ष।

अनुभव : जूनियर कमीशंड अधिकारी या समकक्ष से कम नहीं या नॉन कमीशंड अधिकारी या समकक्ष के रूप में 5 वर्ष का अनुभव।

शारीरिक मानक : किसी भी प्रकार की विकृति नहीं होनी चाहिए।
कद : 167 से.मी.
सीना : 80-85 से.मी. (सरकारी आदेशों के अनुसार अजजा तथा पहाड़ी व्यक्तियों के लिए शिथिलनीय)

चयन का तरीका : एक बोर्ड के समक्ष अभ्यर्थी को निम्नानुसार शारीरिक परीक्षण में योग्यता प्राप्त करनी होगी :
क) खेल गतिविधियाँ :
(i) 1.6 कि.मी. दौड़ – 6 मिनट 30 सेकेंड में
(i i) लम्बी कूद - तीन बारी में 3.65 मीटर
(i i i)

	आयु वर्ग	संख्या
चिन अप	30 वर्ष तक	08-09
	30 से 40 वर्ष तक	05-06
दंड (पुश अप)	40-45 वर्ष तक	16-17
	45 वर्ष से अधिक	12-13
बैठक (सिट अप)	30 वर्ष तक	25-29
	30-40 वर्ष तक	20-24
	40-45 वर्ष तक	15-19
	45 वर्ष से अधिक	10-14

ख) जो अभ्यर्थी उपरोक्त शारीरिक परीक्षण में योग्य पाए जाते हैं, उन्हें 90 मिनट में 75 अंक की लिखित परीक्षा में बैठना होगा। प्रश्न पत्र में कॉम्प्रीहेंशन, रिपोर्ट लेखन तथा विश्लेषात्मक दक्षता(सामान्य गणित, सामान्य ज्ञान, वस्तुनिष्ठ प्रकार) से संबंधित प्रश्न होंगे तथा उसके बाद वैयक्तिक साक्षात्कार लिया जाएगा।

नोट : एनसीसी के **सी** प्रमाणपत्र तथा खेलकूद में राज्य स्तर का प्रमाण पत्र धारी अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी।

आयु सीमा (दिनांक 01.07.2012 को) : न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 27 वर्ष। (केन्द्र सरकार द्वारा जारी आदेशों/निर्देशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों के लिए 35 वर्ष तक शिथिलनीय)

भूतपूर्व सैनिक तथा भूतपूर्व सिपाही सशस्त्र सेना या पुलिस से डिस्चार्ज या सेवानिवृत्त होने के केवल तीन वर्ष के अंदर आवेदन करने के पात्र होंगे।

सामान्य अनुदेश

1. वेतन बैंड :

पद संख्या	पद का नाम	वेतन बैंड	प्रवेश के समय वेतन (*)		
			वेतन बैंड में वेतन	ग्रेड वेतन	कुल
01.	वैज्ञानिक अधिकारी/सी (चिकित्सा-सामान्य औषधि)	वेतन बैंड रू. 15600 -39100 तथा रू. 5400 का ग्रेड वेतन (पीबी-3) (चिकित्सा अधिकारी नॉन-प्रैक्टिसिंग भत्ते के लिए पात्र होंगे)	15600	5400	21000
02.	तकनीकी अधिकारी/सी	वेतन बैंड रू. 15600 -39100 तथा रू. 5400 का ग्रेड वेतन (पीबी-3)	15600	5400	21000
03.	महिला नर्स/ए	वेतन बैंड रू. 9300-34800 तथा रू. 4600 का ग्रेड वेतन (पीबी-2)	12540	4600	17140
04.	वैज्ञानिक सहायक/बी (सिविल)	वेतन बैंड रू. 9300-34800 तथा रू. 4200 का ग्रेड वेतन (पीबी-2)	9300	4200	13500
05.	स्टेशन ऑफिसर/ए	वेतन बैंड रू. 9300-34800 तथा रू. 4800 का ग्रेड वेतन (पीबी-2)	13350	4800	18150
06.	सब- ऑफिसर/बी1	वेतन बैंड रू. 9300-34800 तथा रू. 4200 का ग्रेड वेतन (पीबी-2)	9300	4200	13500
07.	लीडिंग फायरमैन/ए	वेतन बैंड रू. 5200-20200 तथा रू. 2400 का ग्रेड वेतन (पीबी-1)	7510	2400	9910
08.	फायरमैन/ए	वेतन बैंड रू. 5200-20200 तथा रू. 1900 का ग्रेड वेतन (पीबी-1)	5830	1900	7730
09.	ड्रायवर-कम-ऑपरेटर	वेतन बैंड रू. 5200-20200 तथा रू. 2000 का ग्रेड वेतन (पीबी-1)	6460	2000	8460
10. से 15.	तकनीशियन/डी	वेतन बैंड रू. 5200-20200 तथा रू. 2800 का ग्रेड वेतन (पीबी-1)	8560	2800	11360
	तकनीशियन/सी	वेतन बैंड रू. 5200-20200 तथा रू. 2400 का ग्रेड वेतन (पीबी-1)	7510	2400	9910
	तकनीशियन/बी	वेतन बैंड रू. 5200-20200 तथा रू. 2000 का ग्रेड वेतन (पीबी-1)	6460	2000	8460
16.	कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक	रू. 9300-34800 का वेतन बैंड तथा रू. 4200 का ग्रेड वेतन (पीबी-2)	9300	4200	13500
17.	आशुलिपिक ग्रेडIII	रू. 5200-20200 का वेतन बैंड तथा रू. 2400 का ग्रेड वेतन (पीबी-1)	7510	2400	9910
18.	सहायक सुरक्षा अधिकारी/ए	रू. 9300-34800 का वेतन बैंड तथा रू. 4200 का ग्रेड वेतन (पीबी-2)	9300	4200	13500
इसके अतिरिक्त, केन्द्र सरकार के नियमों के तहत मकान किराया भत्ता, परिवहन भत्ता आदि तथा चिकित्सा अधिकारी को एनपीए भी ग्राहय हैं ।					

2.   अतिरिक्त वित्तीय लाभ :

सामान्य वेतन तथा नियमों के तहत ग्राह्य भत्तों के अतिरिक्त परमाणु ऊर्जा विभाग के कर्मचारी विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के अंतर्गत आकर्षक वित्तीय लाभ प्राप्त करने के पात्र हैं । ये लाभ विभाग के विशिष्ट वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीय स्तर को ध्यान में रखते हुए दिये जाते हैं तथा सरकार द्वारा समय-समय पर इनकी समीक्षा की जाती है ।

3.   आयु सीमा में छूट :

क)   अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों हेतु आरक्षित पदों के लिए 5 वर्ष तक की छूट।

ख)   अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित पदों के लिए 3 वर्ष छूट।

ग)   भूतपूर्व सैनिकों को आरक्षण नियमानुसार दिया जाएगा ।

घ)   शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को नियमों के अधीन यथाग्राहय आयु सीमा में आवश्यक छूट दी जाएगी । (**अस्थि विकलांगता** के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों में चिकित्सा बोर्ड द्वारा प्रमाणित न्यूनतम 40 प्रतिशत विकलांगता (सामान्य) होनी चाहिए ।)

ड)   विभागीय अभ्यर्थी, जिन्होंने दिनांक 01.07.2012 को संबंधित क्षेत्र या कैडर में न्यूनतम 3 वर्ष की लगातार तथा नियमित सेवा पूरी कर ली है, वे सरकारी नियमों के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट के पात्र हैं ।

च)   उन व्यक्तियों को अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छुट लागू होगी, जो सामान्य तौर पर 01 जनवरी, 1980 से 31 दिसम्बर, 1989 की अवधि के दौरान जम्मू एवं कश्मीर राज्य के कश्मीर संभाग के अधिवासी रहे हैं । बशर्ते, कि किसी भी परीक्षा में बैठने के लिए अधिकतम आयु सीमा में छूट, अधिकतम अवसर हेतु लागू संबंधित नियमों के अधीन होगी ।

<u>**निवास के प्रमाण के संबंध में प्रमाण पत्र**</u> - नियम 3 (च) के अधीन लागू आयु सीमा में यह छूट प्राप्त करने वाले व्यक्ति को निम्नलिखित में से किसी एक द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा :

(क)   कश्मीर संभाग के जिला मजिस्ट्रेट, जिसके क्षेत्राधिकार में समान्य तौर पर निवास किया हो; या

(ख)   जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा उसकी ओर से नियुक्त कोई अन्य प्राधिकारी, जो इस बात का प्रमाणपत्र जारी कर सके कि अभ्यर्थी दिनांक 01 जनवरी, 1980 से 31 दिसम्बर, 1989 की अवधि के दौरान जम्मू एवं कश्मीर राज्य के कश्मीर संभाग में सामान्य रूप से अधिवासी रहा है ।

छ)   1984 के दंगों में मारे गए व्यक्तियों के बच्चों/परिवार सदस्यों के लिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी । इस बात का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा कि वे 1984 के दंगों से प्रभावित हुए हैं ।

नोट : <u>आयु सीमा में छूट केवल उन पदों के लिए लागू होगी, जो आरक्षित श्रेणी के अंतर्गत आते हैं।</u>

4.   **यात्रा भत्ता :**

वैज्ञानिक अधिकारी/सी (चिकित्सा-सामान्य औषधि), तकनीकी अधिकारी/सी तथा स्टेशन ऑफिसर/ए के लिए : साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने वाले बाहरी अभ्यर्थी द्वारा टिकिटें/टिकट नंबर आदि प्रस्तुत करने पर उसके निवास स्थान से आने तथा वापस जाने के लिए सबसे छोटे रास्ते से द्वितीय श्रेणी का रेल किराया अथवा वास्तविक किराया जो भी कम हो, देय होगा ।

पद सं. 3-4 तथा 6-18 के लिए : लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने वाले अजा/अजजा के बाहरी अभ्यर्थी द्वारा टिकिटें/टिकट नंबर आदि प्रस्तुत करने पर उसके निवास स्थान से आने तथा वापस जाने के लिए सबसे छोटे रास्ते से द्वितीय श्रेणी का रेल किराया अथवा वास्तविक किराया (सामान्य श्रेणी) जो भी कम हो, देय होगा ।

तथापि, उन अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को यात्रा भत्ता देय नहीं है, जो पहले से ही केन्द्र/राज्य सरकार की सेवा, केन्द्र/राज्य सरकार के कार्पोरेशन, सार्वजनिक उपक्रम, स्थानीय सरकारी संस्थानों तथा पंचायतों में कार्यरत हैं।

5. इस विज्ञापन के तहत विज्ञापित पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को भारी पानी बोर्ड/किसी भी भारी पानी संयंत्र में तैनात किया जा सकता है परंतु, आवश्यकतानुसार, जनहित में, उन्हें भारत के किसी भी भाग में स्थित परमाणु ऊर्जा विभाग के किसी भी संगठक एकक में तैनात किया जा सकता है।

6. ऊपर दर्शाई गई रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और इसमें बदलाव की संभावना है। यदि, किसी श्रेणी की रिक्तियों की संख्या कम कर दी जाती है या उसे शून्य कर दिया जाता है, तो उसके परिणामस्वरूप होने वाली किसी भी क्षति/हानि की प्रतिपूर्ति करने के लिए भारी पानी बोर्ड बाध्य नहीं होगा।

7. उपरोक्त श्रेणी के पदों द्वारा किए जाने वाले कार्य की प्रकृति में देश के विभिन्न भागों में प्रचालनरत संयंत्रों में दिन-रात की पालियों में कार्य करना शामिल हो सकता है ।

8. नियुक्त अभ्यर्थी नई अंशदायी पेंशन योजना के तहत शासित होंगे।

9. जबकि सभी अभ्यर्थियों पर समुदाय/समूह को ध्यान में न रखते हुए सामान्य रिक्तियों के लिए विचार किया जायेगा, वहीं समुदाय/समूह कोटा की रिक्तियों के लिए केवल उसी समुदाय/समूह के अभ्यर्थियों पर विचार किया जायेगा । इस संबंध में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए । अन्य पिछड़ा वर्ग के मामले में, प्रमाणपत्र में विशेष रूप से यह दर्शाया जाना चाहिए कि अभ्यर्थी कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 08.09.1993 के का.ज्ञा.संख्या : 36012/22/93/ स्था. (एससीटी) के अनुसूची के कॉलम 3 में उल्लिखित तथा दिनांक 09.03.2004 को भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन सं. 36033/3/2004 - स्था. (संशो.) तथा दिनांक 14.10.2008 के कार्यालय ज्ञापन सं. 36033/3/2004 - स्था. (संशो.) के तहत संशोधित व्यक्तियों/वर्गों (क्रीमी लेयर) की श्रेणी में नहीं आता है । प्रमाणपत्र, भारत सरकार, कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा परिचालित निर्धारित प्रपत्र में होना चाहिए और एक वर्ष की अवधि के लिए वैध होना चाहिए । अजा/अजजा/अपिव श्रेणी के व्यक्तियों को अपने आवेदन में इस बात का स्पष्ट रूप से उल्लेख करना चाहिए (अनारक्षित रिक्तियों के लिए आवेदन करते समय भी) तथा विहित प्रपत्र में इसका प्रमाणपत्र संलग्न करना चाहिए । ऐसा न करने पर उन्हें आनारक्षित श्रेणी का माना जाएगा तथा समुदाय बदलने के लिए बाद में किए जाने वाले निवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

10. यदि अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, इनकी स्क्रीनिंग, आवश्यक योग्यता में अधिक प्रतिशत प्राप्त करने वालों और/अथवा अधिक वर्ष का आवश्यक संबंधित अनुभव रखने वालों तक सीमित रहेगी। इस संबंध में भारी पानी बोर्ड का निर्णय अंतिम तथा बंधनकारी होगा।

11. पद के लिए आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वह पात्रता की शर्तों को पूरा करता है। आवेदन करने की तिथि को अभ्यर्थी के पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से आवश्यक शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता होनी चाहिए तथा आवेदन के साथ, इसके समर्थन में प्रमाणपत्रों, अंक सूचियों की साक्ष्यांकित प्रतियाँ संलग्न की जानी चाहिए ।

12. विज्ञापन में निर्धारित अनुभव की अवधि की गणना आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक की जाएगी ।

13. वे व्यक्ति, जो केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम/स्वायत्तशासी निकायों आदि में कार्यरत हैं, वे अपना आवेदन उचित माध्यम द्वारा प्रस्तुत करें। तथापि, वे उपरोक्तानुसार संलग्नकों के साथ अपने आवेदन की अग्रिम प्रति निम्नलिखित पते पर भेज सकते हैं । किंतु, जब तक उचित माध्यम द्वारा मूल आवेदन प्राप्त नहीं हो जाता अग्रिम प्रति पर विचार नहीं किया जाएगा ।

14. वे आवेदन जो अपठनीय, अधूरे, अहस्ताक्षरित, अभ्यर्थी के फोटो के बगैर, प्रमाण पत्रों की साक्ष्यांकित फोटो प्रतियों के बगैर तथा निर्धारित प्रपत्र में नहीं होंगे, उन्हें निरस्त कर दिया जाएगा । यदि लिफाफे के ऊपर तथा आवेदन पर आवेदित पद का उल्लेख नहीं होगा, तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा ।

<u>आवेदन कैसे करें</u>

1. आवेदन पत्र अच्छी क्वालिटी के A4 आकार के सफेद कागज पर किया जाना चाहिए तथा इस विज्ञापन के अगले पृष्ठों पर दिये गये निर्धारित फार्मेट में होना चाहिए । अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे यह सुनिश्चित कर लें कि आवेदन पत्र पठनीय हो और जहाँ तक संभव हो अंग्रेजी अथवा हिन्दी में टंकित होना चाहिए ।

2. अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र हिन्दी में भरे जाने के बवजूद भी उन्हें अपना नाम, पिन कोड सहित पता तथा जन्म तिथि बोल्ड अक्षरों में अंग्रेजी में लिखी जानी चाहिए ।

3. आवेदन पत्र तथा बाहरी लिफाफे पर **"विज्ञापन संख्या भापाबो/01/2012 के पद संख्या ______________, ____________________ हेतु आवेदन"** लिखा होना चाहिए।
(पद का नाम)

4. एक पद के लिए केवल एक आवेदन प्रस्तुत किया जाए। यदि आवेदक एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहता है, तो प्रत्येक पद के लिए अलग से आवेदन करना होगा।

5. **फोटोग्राफ** : आवेदन के ऊपरी दाएँ कोने पर पासपोर्ट आकार का नवीनतम फोटो चिपकाएं । आवेदन पत्र के साथ पासपोर्ट आकार के फोटो की एक अतिरिक्त प्रति भी भेजें, जिसके पीछे अभ्यर्थी का नाम लिखा हो ।

6. **प्रमाण-पत्रों की प्रमाणित प्रतियां** :

   i) शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता (परीक्षा में लिये गये विषयों की जानकारी देते हुए अंक सूची) ।
   ii) जन्म तिथि का प्रमाण।
   iii) आवेदन पत्र के साथ, किये गये कार्य की प्रकृति बताते हुए अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न होना चाहिए ।
   iv) वाहन चलाने का लाइसेंस।
   v) अभ्यर्थी के अजा/अजजा/अपिव [i) नॉन क्रीमी लेयर ii) वैधता प्रमाण पत्र एक वर्ष के अंदर जारी किया गया हो] हाने के दावे के संबंध में सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जारी प्रमाण पत्र।
   vi) शारीरिक विकलांग्ता के संबंध में उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र (केवल शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए)।
   vii) सैन्य सेवा से डिस्चार्ज होने का प्रमाण पत्र (केवल भूतपूर्व सैनिकों के लिए)।
   viii) यदि 1984 के दंगों में प्रभावित हैं, तो उसका प्रमाण पत्र।
   ix) 01.01. 1980 से 31.12.1989 के दौरान कश्मीर संभाग के अधिवासी होने का प्रमाण पत्र (यदि कश्मीर संभाग में अधिवास के कारण आयु में छूट का दावा कर रहे हैं) ।

7. **पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन निम्नलिखित पते पर भेजे जाने चाहिए :**

क्रम सं.	पद संख्या	पद का नाम	आवेदन पत्र भेजने का पता
01	01	वैज्ञानिक अधि/सी (चिकित्सा-सामान्य औषधि)	भारत सरकार□ परमाणु ऊर्जा विभाग□ भारी पानी बोर्ड□ विक्रम साराभाई भवन□ 4था तल, अणुशक्तिनगर□ मुंबई - 400094
02	02	तकनीकी अधिकारी/सी	
03	16	कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक	
04	17	आशुलिपिक ग्रेड - ।।।	
05	03	महिला नर्स/ए	भारत सरकार□ परमाणु ऊर्जा विभाग□ भारी पानी संयंत्र (तालचेर) □पो. विक्रमपुर, जिला : अनगुल तालचेर, ओडीशा - 759106
06	04	वैज्ञानिक सहायक/बी (सिविल)	भारत सरकार परमाणु ऊर्जा विभाग भारी पानी संयंत्र (कोटा) पोस्ट : अणुशक्ति, वाया : कोटा राजस्थान - 323303
07	18	सहायक सुरक्षा अधिकारी/ए	
08	05	स्टेशन ऑफिसर/ए	भारत सरकार परमाणु ऊर्जा विभाग भारी पानी संयंत्र (तूतीकोरिन) पोस्ट : भापासं कालोनी, मुथईपुरम्, तूतीकोरिन, तमिलनाडु - 628007
09	06	सब-ऑफिसर/बी1	
10	07	लीडिंग फायरमैन/ए	
11	08	फायरमैन/ए	
12	09	ड्रायवर कम ऑपरेटर/ए	
13	10	तकनीशियन/डी (बॉयलर ऑपरेटर)	भारत सरकार परमाणु ऊर्जा विभाग भारी पानी संयंत्र (मणुगुरू) पोस्ट : गौतमीनगर, अश्वापुरम्, जिला : खम्मम, आंध्रप्रदेश - 507116
14	11	तकनीशियन/सी/डी (क्रेन ऑपरेटर)	
15	12	तकनीशियन/सी/डी (मैकेनिक कम डोजर ऑपरेटर)	
16	13	तकनीशियन/सी (राजगीर/मेसन)	
17	14	तकनीशियन/बी (बढ़ई)	
18	15	तकनीशियन/बी (नलसाज/प्लंबर)	

चेतावनी : जो आवेदन पत्र उपरोक्त अपेक्षाओं के अनुसार नहीं होंगे तथा जो निर्धारित प्रपत्र में नहीं हैं या जिनके साथ प्रमाण पत्रों की साक्ष्यांकित प्रतियां, फोटोग्राफ संलग्न नहीं किया गए होंगे, उन्हें अस्वीकार कर दिया जाएगा । विज्ञापन में बताई गई आवश्यकताओं को पूरा करने मात्र से कोई अभ्यर्थी साक्षात्कार में बुलाए जाने का पात्र नहीं हो जाएगा ।

साक्षात्कार/नियुक्ति हेतु न चुने गये अभ्यथियों से इस संबंध में कोई पत्र-व्यवहार नहीं किया जायेगा ।

<u>सरकार अपने कार्यदल में लैंगिक साम्य बनाने के लिए कटिबद्ध है तथा महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करती है।</u>

किसी भी रूप में की गयी सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा ।

<u>किसी भी विवाद की स्थिति में विज्ञापन के अंग्रेजी पाठ को मानक माना जाएगा ।</u>

आवेदन प्रपत्र

कार्यालय में प्रयोग हेतु	
आवेदन पत्र सं. :	
प्राप्ति की तारीख :	

पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएं

विज्ञापन सं.: भापाबो/01/2012

1. पद संख्या :------------- पद का नाम : ---

2. स्पष्ट अक्षरों में पूरा नाम (एसएससी प्रमाण पत्र के अनुसार) (हिन्दी और अंग्रेजी में)

3. जन्म तिथि : (ईसवी सन् में)

तारीख			माह			वर्ष			

01.07.2012 को आयु :

		वर्ष			माह			दिन

4. लिंग पुरूष ☐ स्त्री ☐

5. वैवाहिक स्थिति विवाहित ☐ अविवाहित ☐

6. धर्म : -----------------------------

7. राष्ट्रीयता: -----------------------

8. i) पत्राचार हेतु स्पष्ट अक्षरों में पता (राज्य, पिनकोड, एसटीडी सहित टेलीफोन नंबर) (हिन्दी और अंग्रेजी में)

					पिन					
टेली/मोब.										

निकटतम रेल्वे स्टेशन : -----------------

ii) स्थाई पता (राज्य, पिनकोड, एसटीडी सहित टेलीफोन नंबर) (हिन्दी और अंग्रेजी में)

					पिन				
टेली मोब.									

9. ईमेल आईडी : ---

10. (क) क्या आवेदक अजा./अजजा/ अन्य पिछड़े वर्ग/सामान्य वर्ग का है ।

अजा.		अजजा		अपिव		सामान्य	

(ख) कृपया जाति/जनजाति का नाम लिखें (यदि लागू हो): --

11. क्या आवेदक अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित है : --
(मुस्लिम/इसाई/सिख/अन्य कोई [स्पष्ट करें])

12. क्या आप 1.1.1980 से 31.12.1989 की अवधि में जम्मू तथा कश्मीर के अधिवासी रहे हैं (यदि हाँ, तो संबंधित दस्तावेज संलग्न करें) — हॉ [ ] नहीं [ ]

13. क्या आप उस परिवार से संबंधित हैं, जिनका कोई सदस्य 1984 के दंगों में मारा गया हो। (यदि हाँ, तो संबंधित दस्तावेज संलग्न करें) — हॉ [ ] नहीं [ ]

14. क्या आप केन्द्र सरकार के सिविल कर्मचारी हैं। (यदि हॉं, तो आवश्यक प्रमाणपत्र संलग्न करें) — हॉ [ ] नहीं [ ]

15. क्या आप भूतपूर्व सैनिक हैं। (यदि हाँ, तो संबंधित प्रमाणपत्र संलग्न करें) — हॉ [ ] नहीं [ ]

16. क्या आप शारीरिक रूप से विकलांग हैं ? — हॉ [ ] नहीं [ ]

विकलांगता का प्रकार अस्थि(OH)/श्रवण विकलांगता(HH): [ ]

(i) विकलांगता का प्रकार बताएं जैसे एक पैर प्रभावित(OL)/आंशिक बधिरता (PD) [ ]
(संबंधित प्रमाणपत्र संलग्न करें)

(i i) विकलांगता का प्रतिशत बताएं। (सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा जारी विकलांगता प्रमाणपत्र में बताए अनुसार) [ ]

17. शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यताएं : (आवेदित पद के संबंध में लागू कॉलमों को भरें। आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कालम भी जोड़े जा सकते हैं)

(i) एसएससी से आरंभ कर

परीक्षा	विश्वविद्यालय/बोर्ड/संस्थान	उत्तीर्ण करने/ बैठने का वर्ष	विषय	माध्यम	अंकों का विवरण		
					अधिकतम अंक	प्राप्त अंक	अंकों का प्रतिशत
एसएससी							
एचएससी							
स्नातक							
स्नातकोत्तर							

नोट : कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक के पद हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थी स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर में शिक्षा के माध्यम का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।

(i i) आईटीआई/एनसीवीटी

परीक्षा	विश्वविद्यालय/बोर्ड/संस्थान	उत्तीर्ण करने/ बैठने का वर्ष	शाखा	अंकों का विवरण			कोर्स की अवधि
				अधिकतम अंक	प्राप्त अंक	प्रति शत	
आईटीआई							
एनसीटीवीटी							

(i i i) डिप्लोमा/अभियंत्रिकी उपाधि

परीक्षा	विश्वविद्यालय/ बोर्ड/संस्थान	उत्तीर्ण करने/ बैठने का वर्ष	ट्रेड	अंकों का विवरण			कोर्स की अवधि	सेमेस्टरों की संख्या/ उत्तीर्ण विषय (यदि अध्ययनरत)
				अधिकतम अंक	प्राप्त अंक	प्रतिशत		
डिप्लोमा / लाइसेंसिएट								
बीई/बी.टैक/ एएमआईई								
कोई अन्य स्नातकोत्तर उपाधि								

18. यदि आप अध्ययनरत हैं, तो कृपया वर्तमान स्थिति बताएं :

पाठ्यक्रम	विश्वविद्यालय/बोर्ड/संस्थान	पूर्णकालिक/ अंशकालिक	पाठ्यक्रम की अवधि	उत्तीर्ण सेमेस्टर/ विषयों की संख्या	प्राप्तांक

19. अनुभव (सभी पिछले तथा वर्तमान रोजगार का विवरण प्रस्तुत किया जाए)

धारित पद	केन्द्र/राज्य/सार्वजनिक उपक्रम/स्वायत्त संस्था/निजी क्षेत्र	अवधि		संगठन का नाम	कार्य का प्रकार	अस्थाई/ स्थाई
		कब से	कब तक			

(क्रम सं. 20 केवल पद सं. 5 से 12 तक के लिए लागू है)

20. क्या आपके पास भारी वाहन चालक का लाइसेंस है। हॉ ☐ नहीं ☐

भारी वाहन चलाने का लाइसेंस क्रमांक ----------------------- जारी होने की तिथि ---------------
वैधता अवधि ---------------------------- से ----------------------------- तक।

(क्रम सं. 21 केवल पद सं. 5 से 9 तक के लिए लागू है)

21. i) ऊंचाई : __________सेंमी ii) वजन : _________ कि.ग्रा.
iii) छाती: __________सेंमी (सामान्य) iv) छाती: __________सेंमी (फुलाने पर)
v) दृष्टि: ____________

(क्रम सं. 22 तथा 23 केवल आशुलिपिक ग्रेड-।।। के पद के लिए लागू है)

22. आशुलिपि की गति : (अंग्रेजी) -------------------
(हिन्दी) -------------------

23. टंकण की गति : (अंग्रेजी) -------------------
(हिन्दी) --------------------

24. लिखित परीक्षा/साक्षत्कार में उत्तर देने का विकल्प : हिन्दी ☐ अंग्रेजी ☐

25. परमाणु ऊर्जा विभाग या इसकी संघटक इकाइयों में पहले से नियुक्त संबंधियों का विवरण:

क्रम.सं.	नाम	संबंध	इकाई	पद

26. क्या आपने केंद्र/राज्य सरकार/किसी अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/स्वायत्त निकाय में सेवा करने का अनुबंध किया है? यदि हाँ, तो कृपया पूर्ण विवरण दें :

____

____

27. क्या आवेदक ने कभी केंद्र सरकार (रक्षा सेवा सहित)/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/स्वायत्त निकाय में नौकरी की है तथा पेंशन, उपदान अथवा भविष्यनिधि में नियोक्ता का अंश (शेयर) प्राप्त किया है या प्राप्त कर रहा है ? यदि हाँ, तो कृपया पूरा विवरण दें।

____

____

28. कागजात की सूची (आवेदन के साथ संलग्न की जाने वाली जाँच सूची के अनुसार) :

अभ्यर्थियों के लिए जाँच सूची
लागू होने वाले खाने में (√) का निशान लगाएँ।

1. आवेदन को पूरी तरह से भरा गया है तथा उसकी प्रति संलग्न है।		2.आवेदन पर फोटोग्राफ चिपकाया गया है तथा आवेदन के साथ फोटोग्राफ की एक अतिरिक्त प्रति संलग्न है	
3. आवेदन पर हस्ताक्षर किए हैं।			
4. निम्नलिखित प्रमाणपत्रों की साक्ष्यांकित प्रतियाँ संलग्न है :			
क) जन्म तिथि प्रमाणपत्र		ख) जाति प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)	
ग) विकलांगता प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)		घ) शैक्षिक तथा तकनीकी योग्यता	
ड.) अनुभव प्रमाणपत्र		च) रक्षा सेवा से कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)	
छ) भारी वाहन चलाने का लाइसेंस		ज) कश्मीर में अधिवास का प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)	
झ) 1984 के दंगों में मृत व्यक्तियों के परिवार के सदस्य होने का प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)			

: घोषणा :

मैं, एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूँ, कि तथ्यात्मक रूप से उपरोक्त सूचना मेरी जानकारी और विश्वास से सही है। मैंने कोई सूचना छुपाई नहीं है तथा यदि मैंने गलत सूचना दी है अथवा कोई तथ्य छिपाया है, तो बिना कोई सूचना दिए या कारण बताए मेरी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं। मुझे ऐसी किसी परिस्थिति की जानकारी नहीं है, जिसके कारण उपरोक्त पद हेतु मेरी उपयुक्तता प्रभावित हो।

स्थान : _____________

दिनांक : _______________

____

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

नाम : ---